प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 गुरूवार** **दिनांक 11.12.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**आज के मुख्य समाचारः–**

1– निर्वाचन आयोग ने एसआईआर के कार्यक्रम में संशोधन किया–छत्तीसगढ़ में गणना फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर अट्ठारह दिसंबर की गई।

2– बस्तर ओलंपिक के अंतर्गत संभाग स्तरीय प्रतियोगिताओं का आज से हुआ शुभारंभ।

3– चौदह दिसंबर से शुरू होने वाले विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले दिन ''छत्तीसगढ़ विजन – दो हजार सैंतालीस'' पर होगी चर्चा।

4– मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिनों के दौरान उत्तर और मध्य छत्तीसगढ़ के कुछ जिलों में चल सकती है शीतलहर।

**अब समाचार विस्तार से .....**

**एसआईआर**

भारत निर्वाचन आयोग ने विभिन्न राज्यों में चल रहे मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान–एसआईआर के कार्यक्रम में एक बार फिर संशोधन किया है।

निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार छत्तीसगढ़ में गणना फॉर्म भरने की अंतिम तिथि जो आज ग्यारह दिसंबर थी, उसे बढ़ाकर अट्ठारह दिसंबर गुरूवार तक कर दिया गया है। इसी तरह, राज्य में मतदाता सूची के प्रारूप की प्रकाशन तिथि को भी बढ़ाकर तेईस दिसंबर कर दिया गया है।

इस तरह छत्तीसगढ़ में अब लोग अपने गणना प्रपत्र अट्ठारह दिसंबर तक भरकर बीएलओ के पास जमा कर सकते हैं।

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि कोई भी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में शामिल होने से न छूटे और नये मतदाताओं का नाम भी मतदाता सूची में जोड़ा जाए, इसीलिए कार्यक्रम में संशोधन कर अंतिम तिथि को आगे बढ़ाया गया है।

**बस्तर ओलंपिक**

बस्तर ओलंपिक के तहत संभाग स्तरीय प्रतियोगिताएं आज से शुरू हो गई हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज जगदलपुर में आयोजित समारोह में बस्तर ओलंपिक की मशाल प्रज्जवलित कर इसका शुभारंभ किया।

शुभारंभ अवसर पर बस्तर संभाग के सभी सात जिलों के खिलाड़ियों ने आकर्षक मार्चपास्ट किया। इन खिलाड़ियों में आत्मसमर्पित नक्सली और नक्सल पीड़ित खिलाड़ी भी शामिल थे।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री अरूण साव, विजय शर्मा और वन मंत्री केदार कश्यप के साथ ही अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाज पद्मश्री मैरीकॉम भी उपस्थित थीं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार बस्तर के युवाओं को समाज की मुख्यधारा से जोड़कर उन्हें विकास में सहभागी बनाने के लिए कटिबद्ध है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाज मैरीकॉम ने कहा कि बस्तर खेल प्रतिभाओं का गढ़ है। उन्होंने कहा कि वे चाहती है कि बस्तर के खिलाड़ी आगे बढ़कर राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी छत्तीसगढ़ की पहचान बनाएं।

**हाईकोर्ट–आंगनबाड़ी/नदी**

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने राज्य के आंगनबाड़ी केंद्रों की बदहाली पर मुख्य सचिव को शपथ पत्र के साथ जानकारी पेश करने का निर्देश दिया है। मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और न्यायाधीश बी.डी. गुरु की डिवीजन बेंच ने आंगनबाड़ियों में अव्यवस्था और मध्यान्ह भोजन में लापरवाही को लेकर लगाई गई जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि बिलासपुर और रायगढ़ जिले में आंगनबाड़ी केंद्रों की व्यवस्था में गंभीर खामियां पाई गई हैं। इस मामले की अगली सुनवाई अब इक्कीस जनवरी को होगी।

वहीं, उच्च न्यायालय में नदियों के संरक्षण को लेकर भी सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अरपा नदी के अलावा राज्य की तीन नदियों के संरक्षण के लिए उनके उद्गम स्थल को संवारने जिला स्तर पर समिति गठित करने की घोषणा की गई। यह समिति प्रदेश की दस नदियों के संरक्षण और संवर्धन पर काम करेगी। वहीं, अरपा नदी के उद्गम स्थल के लिए भूमि अधिग्रहण को लेकर भी कोर्ट ने शासन से स्टेटस रिपोर्ट मांगी है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई बीस जनवरी को निर्धारित की है।

**लोक अदालत**

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदेश के सभी जिला और व्यवहार न्यायालयों में तेरह दिसंबर को लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह इस वर्ष की अंतिम लोक अदालत होगी। लोक अदालत में लंबित आपराधिक प्रकरणों के साथ ही मोटर दुर्घटना प्रकरण, विवाह संबंधी विवाद, जल कर, संपत्ति कर, राजस्व संबंधी प्रकरण, ट्रैफिक चालान, बैंक और विद्युत संबंधी प्री–लिटिगेशन के अलावा आबकारी से संबंधित प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा।

**विधानसभा–शीतकालीन सत्र**

छत्तीसगढ़ विधानसभा का शीतकालीन सत्र आगामी चौदह दिसंबर रविवार से शुरू होगा। इस बार यह सत्र विधानसभा के नये भवन में आयोजित किया जाएगा। नया रायपुर में बने नवीन विधानसभा भवन में होने वाला यह पहला सत्र होगा।

विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने आज पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि सत्रह दिसंबर तक चलने वाले इस सत्र के दौरान कुल चार बैठकें प्रस्तावित हैं।

डॉक्टर सिंह ने कहा कि सत्र के दौरान चालू वित्तीय वर्ष के लिए प्रथम अनुपूरक अनुमान पेश किया जाएगा। इसके अलावा छत्तीसगढ़ दुकान और स्थापना संशोधन विधेयक को भी इस सत्र के दौरान पेश किया जाएगा।

विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि छत्तीसगढ़ विधानसभा की पहली बैठक चौदह दिसंबर वर्ष दो हजार में राजकुमार कॉलेज के जशपुर हॉल में की गई थी। इसी वजह से विधानसभा के नये भवन में पहला सत्र चौदह दिसंबर से आयोजित किया जा रहा है।

**कोरबा–ट्रिपल मर्डर**

कोरबा जिले में बीती रात तीन लोगों की हत्या कर दी गई है। उरगा थाना क्षेत्र के कुदरी गांव में हुई इस वारदात को एक कबाड़ व्यवसायी के स्क्रैप यार्ड में अंजाम दिया गया। ये तीनों मृतक कबाड़ व्यवसाय से जुड़े बताए जा रहे हैं। इस मामले में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है, जिसमें एक बैगा भी शामिल है। पुलिस मृतकों के मोबाइल कॉल डिटेल्स, घटनास्थल से बरामद सामान और बैगा टीम की गतिविधियों की जांच कर रही है।

**हसदेव नदी–बच्चे डूबे**

जांजगीर–चांपा जिले के चांपा स्थित हनुमानधारा क्षेत्र में हसदेव नदी में डूबने से तीन बच्चों की मौत हो गई है। मृतक बच्चे एक ही मोहल्ले के रहने वाले थे और एक ही स्कूल में पढ़ते थे। मिली जानकारी के अनुसार कल सुबह तीनों बच्चे हसदेव नदी में नहाने गए थे, इसी दौरान डूबने से उनकी मौत हो गई। डीडीआरएफ की टीम ने आज बच्चों के शवों को बरामद कर लिया है।

**मौसम**

**और अब पेश है मौसम का हाल–**

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार सरगुजा, बिलासपुर, दुर्ग और रायपुर संभाग के कुछ जिलों में अगले दो दिनों तक शीतलहर चलने की संभावना है। रायपुर के माना में न्यूनतम तापमान सात दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं, प्रदेश में सबसे कम न्यूनतम तापमान अंबिकापुर में पांच डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने कल बारह दिसंबर को रायपुर में धुंध छाए रहने की संभावना जताई है।

मौसम विज्ञानी डॉक्टर गायत्री वाणी ने आकाशवाणी समाचार से बात करते हुए बताया कि उत्तर और मध्य छत्तीसगढ़ के कुछ जिलों में शीतलहर चल सकती है।

**संक्षिप्त समाचार**

**और अब कुछ समाचार संक्षेप में ...**

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कल बारह दिसंबर को कवर्धा प्रवास के दौरान घोटिया गांव में मेडिकल कॉलेज का शिलान्यास और भूमिपूजन करेंगे।

– मुख्यमंत्री कल बलौदाबाजार जिले के सोनाखान में शहीद वीरनारायण सिंह के शहादत दिवस पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने एक सौ एक करोड़ से अधिक के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया।

– दीपावली पर्व को यूनेस्को की मानवता की अर्मूत सांस्कृतिक विरासत की प्रतिनिधि सूची में अंकित किए जाने पर प्रदेश के संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाए दी हैं।

– श्रीरामलला दर्शन योजना के तहत सरगुजा संभाग के साढ़े आठ सौ श्रद्धालुओं का दल काशी और अयोध्याधाम के लिए रवाना हुआ। दल को अंबिकापुर रेलवे स्टेशन से महापौर मंजूषा भगत सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

– जांजगीर–चांपा जिले के बहेराडीह स्थित किसान स्कूल में कल राज्य स्तरीय भाजी महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव में साठ से ज्यादा किस्म की भाजियों की प्रदर्शनी लगाई गई। इस महोत्सव में छत्तीसगढ़ के साथ ही ओडिशा और झारखंड के किसानों ने भी शिरकत की।

–	सक्ती के स्वामी आत्मानंद विद्यालय में दो दिवसीय जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रतिभागियों ने लोकनृत्य, लोकगीत, कहानी लेखन, वाद–विवाद जैसी प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया।

–	जिला रोजगार और स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र मुंगेली द्वारा जमकोर स्थित लाइवलीहुड कॉलेज में सोलह दिसंबर को प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा।

–	आत्मनिर्भर खैरागढ अभियान के तहत वस्त्रदान समिति द्वारा जिले में वस्त्रदान अभियान चलाया जा रहा है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>